# नर्मदांचल



नवभारत
भोपाल, सोमवार, 29 सितम्बर, 2025


## एक नजर

### केंद्रीय जेल नर्मदापुरम में हुआ स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**नर्मदापुरम** केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खण्ड-अ में आज शांतिग्राम फाउण्डेशन नर्मदापुरम के सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर विशेष रूप से महिला बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श हेतु आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. वैष्णवी पी.वी., आर्य शिवू एवं सुश्री भावना विष्ट ने महिला बंदियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। शिविर में निरूद्ध 73 महिला बंदियों और 02 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श भी उपलब्ध कराया गया। शिविर के दौरान जेल अधीक्षक श्री संतोष सिंह सोलंकी, उप अधीक्षक श्री प्रहलाद सिंह बरकडे, अष्टकोण अधिकारी श्री हितेश बंडिया, श्रीमती इंदुराज साहू (मेलनर्स) एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मयंक तोमर और सुश्री भावना विष्ट द्वारा किया गया।

### 25 हितग्राहियों को तीन लाख पांच हजार की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

विधायक सोहागपुर की अनुशंसा पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा विधायक स्वेच्छानुदान निधि से वि.खं./नपा. सोहागपुर, माखननगर एवं नर्मदापुरम के 25 हितग्राहियों को 03 लाख 05 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक सोहागपुर श्री विजय पाल सिंह की अनुशंसा पर माखन नगर के 06 हितग्राही श्री राजकुमार मीना आ0 श्री शिव नारायण मीना ग्राम खिडिया विकासखंड माखननगर, श्रीमति यशोदा पति श्री भूपेन्द्र प्रजापति ग्राम आरी विकासखंड माखननगर, श्री नर्मदाप्रसाद मीना आ0 श्री शेरसिंह मीना ग्राम खिड़िया विकासखंड माखननगर, श्री रमेश कुमार शर्मा आ0 श्री रमाकांत शर्मा बार्ड नं. 13 पटैल मोहल्ला माखननगर, श्री भूपेन्द्र आ0 श्री नर्मदा प्रसाद प्रजापति वार्ड नं.02 माखननगर एवं श्री रामभरोष आ0 श्री भैयालाल अहिर ग्राम आरी विकासखंड माखननगर को क्रमश- 25-25 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीतकृति प्रदान की गई है। इसी तरह नर्मदापुरम के 12 हितग्राही को राशि स्वीकृत की गई.

# सुनहरे सपने दिखाकर काट रहे कॉलोनी

## टीएनसीपी प्रशासन की अनुमति नहीं, रंगीन ब्रोशर दिखाकर उपभोक्ताओं को ठगा जा रहा है



**पुनीत दुबे**

**नर्मदापुरम 28 सितम्बर.** जिले में अनेक ऐसी कालोनी हैं जिसकी भूमि पर ही कटाव से लेकर झील तक है. मकान हेतु उपयुक्त नहीं है लेकिन आम उपभोक्ताओं को सुनहरे सपने दिखाकर कालोनाईजर मकान और प्लाट के साथ फार्म हाउस तक बेचने में सफल हो रहे हैं और प्रशासन में बैठे लोगों को वे कहते हैं कि हमें शासन प्रशासन से कोई लेना देना नहीं है. हमने जो ब्रोसर में छपा दिया है वहीं आम उपभोक्ताओं के दिमाग में बैठता है. ऐसी ही स्थिति नर्मदापुरम की लगभग 20 कालोनियों में है. जहां कि शासन से मिलने वाली अनुमति को अनदेखा किया जा रहा है. सूत्र बताते हैं कि, जिसमें अनेक विभागों की जमीन भी कालोनाईजर द्वारा दबाकर उस पर मकान और प्लाट बेंच दिये हैं. सूत्र बताते हैं कि फैफरताल के पास नहर के दोनो ओर सडक बना दी गई है. जिस पर कालोनाईजरों का कोई लेना देना नहीं है वह जमीन सिंचाई विभाग की आती है. सिंचाई विभाग द्वारा भी पिछले कई सालों से कालोनाईजरों को नोटिस देकर अपनी इतिश्री कर लेते हैं. ऐसा ही उदाहरण पहाडिया के पास अनुमति मिलना सहज काम नहीं है. पर कालोनाईजरों का दावा है कि हमारी सेटिंग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी से लेकर प्यून तक रहती है. इसलिये हमारा काम रूकता नहीं है.

प्रशासन ने इन लोगों को नोटिस देकर कब्जे बताये हैं लेकिन प्रशासन यहां कमजोर पडता नजर आ रहा है. क्योंकि ये जिले के बडे कालोनाईजर हैं. उनमें प्रमुख किशनपुर माइनर, लक्ष्मण सिंह बैस ने सीसी रोड बना ली है।, डोंगरवाड़ा माइनर, आनंद सागर गार्डन ने ब्रिज और पेबर ब्लॉक लगाए। ग्रीनयार्ड कॉलोनी में पुलिया और सीसी रोड, जलालाबाद माइनर विजय सेठ ने स्कूल की दीवार बनाई। हरि शर्मा, चेतन्य गौड़ ने सीसी रोड बनाई और दीपक जयराम ने रेंडीमेड दीवार बना ली है। डोंगरी सब माइनर में हरि शर्मा ने सीसी रोड, रामलाल शर्मा ने सीसी रोड, राजेंद्र पचौरी ने भवन निर्माण कर लिया है। रसूलिया में मालतीबाई ने मकान बनाया। सुरेश राय ने टीन शेड डाला। संतोष, अमित चौरे, मानकलाल शर्मा शिव आंगन गार्डन बना लिया। रामस्वरूप मेहरा, विजय वर्मा, देवेंद्र पांडे, प्रमोद सोलंकी, पप्पू भदौरिया, अंकुर साहू महिंद्रा शोरूम, सुमित मुलचंदानी, सांई मोर्टर्स, दिनेश उइके, पारेश पंवार, प्रेमनारायण पंवार, रामकैलाश चौरे, गोपालचंद राय, पवन अग्रवाल, एमपी तिवारी, रवि कुमार जाटव, क्षमा गौर बृम्हदत्त दीक्षित, जीपी पगारे, अमित चौरे, राजू संतोरे, राकेश बस्तवार, डॉ. रतीक खान, रामभरोस दामडे, मीरा बाई गुप्ता, आशारानी तिवारी, किशनलाल यादव, राकेश ठाकुर, बल्लू गौर, अरविंद लोधी, परसराम सामुलकर, रमेशचंद्र मेहरा, रेवाशंकर सराठे, राजेश, चंद्रहास दुबे, रमेश गढ़वाल, प्रदीप श्रीवास्तव, एसएन पटेल हैं। ऐसे ही मामले इटारसी, पिपरिया, सिवनीमालवा, माखननगर, सोहागपुर, बनखेडी आदि जगहों पर भी राजस्व विभाग, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विााग, आबकारी विभाग, शिक्षा विभाग के अलावा अनेक ऐसे विभागों की जमीन दबाकर कालोनीवालों ने ग्राहकों को बेचने में कोई कसर नहीं छोडी. जांच होती है तो कालोनीनाईजर कहते हैं कि हम अधिकारियों को भरपूर पैसा देते हैं इसलिये सब चुप रहते हैं.

## स्व. मनीष शंकर शर्मा की स्मृति में सम्पन्न हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 28 सितम्बर** आज कैरियर हॉस्पिटल भोपाल द्वारा मुस्कान संस्था, इटारसी के सहयोग से स्व. मनीष शंकर शर्मा जी की स्मृति में भव्य नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक डॉ. सीता शरण शर्मा ने स्व. शर्मा जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्य सचिव श्री कृपा शंकर शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री भवानी शंकर शर्मा, पूर्व विधायक पं. गिरजा शंकर शर्मा, कैरियर कॉलेज भोपाल के डायरेक्टर मनीष राजोरिया तथा नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चोरे सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर डॉ. विजय कुमार गुप्ता, डॉ. अनुपम मालवीय, डॉ. अनिकेत चौहान, डॉ. प्रभुल्ला परमार्थ, डॉ. निलेश बन्सोड़ एवं डॉ. सरिता अग्रवाल ने मरीजों को परामर्श एवं उपचार प्रदान किया। बड़ी संख्या में मरीजों को नि:शुल्क दवाइयाँ एवं पैथोलॉजी जाँच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। आज के शिविर में सिवनी मालवा नपाध्यक्ष रिंकू जैन, भाजपा जिला महामंत्री ज्योति चौरे, मंडल अध्यक्ष राहुल चोरे, समाजसेवी मधु शुक्ला, सुधीर गोठी, सुनील बाजपेयी, जगदीश मालवीय, टीटू सलूजा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर ने बताया कि शिविर में लगभग 400 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाई वितरण किया गया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग करने वाले अरुण शर्मा एवं वैभव शर्मा का आभार स्मृति चिन्ह भेंट कर व्यक्त किया गया। इस अवसर पर कैरियर कॉलेज भोपाल के डायरेक्टर मनीष राजोरिया ने कहा कि अब हम इटारसी शहर में लगातार ऐसे आयोजन कर पीड़ित मानवता की सेवा करेंगे।

## पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में शहीद भगत सिंह जयंती संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 28 सितम्बर** पतंजलि योग समिति के प्रधान में शहीद भगत सिंह जयंती एवं सम्मान समारोह संपन्न हुआ.

शहीद सरदार भगत सिंह जयंती के अवसर पर आज ईश्वर रेस्टोरेंट इटारसी में भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति नर्मदा पुरम के तत्वाधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया एवं सहयोग शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूप में क्षेत्रीय सांसद माननीय श्री दर्शन सिंह जी चौधरी, श्री पंकज चोरे, अध्यक्ष नगर पालिका इटारसी, श्री रितेश कुमार जैन अध्यक्ष नगर पालिका सिवनी मालवा एवं संरक्षक भारत स्वाभिमान न्यास जिला नर्मदा पुरम, श्री हरबंस हुरा जी, वरिष्ठ योग शिक्षक, नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, भाजपा जिला महामंत्री श्रीमती ज्योति चौरे, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री विश्वनाथ सिंगल जी, श्री सुरेश कुमार अग्रवाल उपस्थित थे एवं शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं सरदार भगत सिंह जी की फोटो पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ.

स्वागत भाषण भारत स्वाभिमान न्यास जिला नर्मदा पुरम के जिला प्रभारी मोहन गौर द्वारा किया गया एवं पतंजलि योगपीठ के तत्वाधान में जिले में हो रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई.

## निर्माण श्रमिकों के कल्याण हेतु उपकर भुगतान अनिवार्य

**नर्मदापुरम/28, सितंबर** भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मण्डल द्वारा निर्माण श्रमिकों के कल्याण एवं सुरक्षा के लिए अधिनियम 1996 के तहत विभिन्न प्रावधान लागू किए गए हैं। 10 लाख रुपये से अधिक के समस्त निर्माण एवं वाणिज्यिक कार्यों पर निर्माण लागत का 1त्न उपकर मण्डल को जमा करना नियोजकों के लिए अनिवार्य है। अधिनियम की धारा 46 के अनुसार, किसी भी निर्माण कार्य को प्रारंभ करने से कम से कम 30 दिन पूर्व नियोजक को लिखित सूचना संबंधित निरीक्षक को देना आवश्यक है। सूचना न देने की स्थिति में धारा 50 के तहत नियोजक को 3 माह का कारावास है.

### गत वर्ष इसी अवधि में हुई थी 1257.4 मिलीमीटर औसत वर्षा द र्ज

**नर्मदापुरम** जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 28 सितम्बर को प्रात- 8 बजे तक जिले में 1387.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1257.4 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 27 सितम्बर से 28 सितम्बर 2025 को प्रात- 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 42.9 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 57.0 मिलीमीटर, इटारसी 46.2 मिलीमीटर, माखननगर में 24.0 मिलीमीटर दर्ज की गई.

## पांच निर्माण कार्यों के लिये 7.50 लाख की राशि स्वीकृत

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/28, सितंबर, 2025** / विधायक सिवनीमालवा की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा विधायक निधि से 05 निर्माण कार्यों के लिए 07 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय नर्मदापुरम से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक सिवनीमालवा, श्री प्रेम शंकर वर्मा की अनुशंसा पर जनपद पंचायत सिवनीमालवा के ग्राम झकलाय में श्री जगदीश पटेल के घर से श्री मोहन लोवंशी के घर की ओर सार्वजनिक सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 03 लाख रूपये, जनपद पंचायत सि.मा. की ग्राम पंचायत निरखी के ग्राम गौलगांव में सामुदायिक मंगल भवन के बाजू में टीनसेट निर्माण कार्य के लिए 02 लाख रूपये, जनपद पंचायत सि.मा. के ग्राम रजोराजाट के सार्वजनिक सामुदायिक भवन में फर्स निर्माण कार्य एवं जनपद पंचायत सि.मा. की ग्राम पंचायत तिलिआंवरी के ग्राम नागझिर में बद्री के घर के सामने सरकारी हैंडपंप के पास सार्वजनिक चबूतरा निर्माण कार्य के लिए क्रमश- 01-01 लाख रूपये तथा जनपद पंचायत सि.मा. के ग्राम झकलाय में बस स?टैंड के पास सार्वजनिक चबूतरा निर्माण कार्य के लिए 50 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की.

## साफ सफाई कर श्रमदान किया

**पिपरिया** शहीद भगतसिंह पीजी कालेज में सेवा पखवाडा के अंतर्गत एनसीसी कैडेटस एवं स्टाफ द्वारा महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई कर श्रमदान किया। पीजी कालेज में सेवा पखवाडा के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा की भावना जनमानस में जागृत करने के लिये रैली निकाली गई। रैली को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.राजीव माहेश्वरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## कमिश्नर एवं आईजी ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 28 सितम्बर** नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त के. जी. तिवारी, पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश शुक्ला एवं उप पुलिस महानिरीक्षक प्रशांत खरे ने रविवार को खिरकिया एवं बावड़िया में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित भ्रमण की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक शशांक, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, एसडीएम खिरकिया सुश्री शिवांगी बघेल सहित जिले के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। कमिश्नर श्री तिवारी कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखी और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होने इस दौरान हेलीपेड एवं कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था देखी। खिरकिया में कार्यक्रम स्थल पर मंच एवं सभा व्यवस्था का भी अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। खिरकिया में कार्यक्रम में शामिल होने वाले आगंतुकों एवं विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## भावांतर योजना किसान हित को करेगी मजबूत

**नर्मदापुरम/28, सितंबर, 2025** / राज्य शासन द्वारा सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए भावान्तर योजना लागू की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा स्पष्ट किया गया है कि किसानों को किसी भी हालत में घाटा नहीं होने देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को सोयाबीन का उचित मूल्य दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध है। सोयाबीन के लिए एमएसपी प्रति क्विंटल 5328 रुपए घोषित की गई है। इसी के साथ प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष सोयाबीन के किसानों को भावान्तर का लाभ दिया जाएगा।

## परिक्रमावासियों की राह आसान नहीं



**नव भारत न्यूज**

**हण्डिया 28 सितम्बर 2025** अमरकंटक से भरूच गुजरात तक शांत और निर्मल गति से बहने बाली मॉ नर्मदा का अस्तित्व भी शनै: शनै: बढते अवैध रेत खनन और अतिक्रमण के चलते परिक्रमा करने वाले लोगों के लिए परेशानी का सबवे वनता जा रहा है. जिससे पैदल परिक्रमा करने वाले भक्तों को तमाम परेशानियों से गुजरना पड़ रहा हैं! सदियों से नर्मदा मैया की परिक्रमा करने वाले परिक्रमावासियों को चतुर्थ मास के बाद जो अपनी परिक्रमा आरम्भ करते हैं। नर्मदा कि तलहटी में बाडी लगाने वाले लोगों द्वारा बबूल के कांटे की बागड लगाकर नर्मदा जी कि पगडण्डी भी बंद कर देते हैं। जिससे उनकी परेशानी और बढ जाती है।


कुछ सन्तों का कहना है, कि उधर पैदल नर्मदा परिक्रमा करने निकले सन्तों का कहना है कि जब प्रदेश सरकार नर्मदा एक्सप्रेस वे बनाने के लिए करोड़ों रुपए की राशि खर्च कर सकती है तो नर्मदा पथ में अवैध अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं करती? जो पैदल पथ पर कांटे की बागड़ लगाकर परिक्रमा पथ को अवरुद्ध किए हुए हैं. प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में पैदल महिला पुरुष बच्चे परिक्रमा करने के उद्देश्य से दोनों किनारों पर आते जाते हैं.

**इनका कहना है कि.....**

पुण्य सलिला मां नर्मदा के दोनों खंडों में व्यापक पैमाने पर हो रहे अवैध खनन और तलहटियों में बढ रहे नर्मदा परिक्रमा के पैदल पथ पर अवैध अतिक्रमण के कारण परिक्रमा वासियों को पैदल परिक्रमा करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है प्रशासन को चाहिए कि वह पगडंडी पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाकर परिक्रमा के लिए पैदल मार्ग को सुगम बनाएं ताकि परिक्रमा वासी पैदल पथ पर आसानी से आ जा सके !

**पं कृपाशंकर भागवताचार्य**

## मिथिला में भगवान श्रीराम की बारात के आगमन पर हुआ जोरदार स्वागत



**नवभारत न्यूज**

**सेमरी हरचंद, 28 सितम्बर** नगर में 140 वर्ष से प्रत्येक वर्ष रामलीला के आयोजन मैं स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला का सजीव मंचन किया जाता है आज रामविवाह की लीला का मंचनकिया गया, धनुष यज्ञ के पश्चात श्री राम एवं जानकी के विवाह की सूचना एवं बारात का निमंत्रण राजा जनक ने अयोध्या भेजा राम और सीता के विवाह के प्रस्ताव को शहर से स्वीकार करते हुए राजा दशरथ अपने मंत्रियों एवं भरत शत्रुघ्न के साथ बारात लेकर राजा जनक के नगर मिथिला पहुंचे जहां बारात का भव्य स्वागत मिथिला वासियों द्वारा किया गया रामलीला के मंचन में नगर सेमरी हरचंद को मिथिला की तरह सजाया गया और ग्राम वासियों द्वारा भगवान श्री राम की बारात का लव कुश मंदिर पंचायती राम मंदिर रामलीला चौक तथा करुणेश्वरी मंदिर पीपलचौक पर भव्य स्वागत किया गया रामलीला महोत्सव समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल एवं समिति के सदस्यों ने बारातियों को इत्र लगाया एवं जलपान की व्यवस्था की गई तथा विधि विधान एवं शास्त्रोक्त रीति से राम जानकी का विवाह संपन्न हुआ रामलीला के सजीव मंचन को ग्राम वासियों ने भाव विभोर होकर देखा एवं मुक्त कंठ से रामलीला प्रशंसा की।

## शिक्षकों का शैक्षिक संवाद आयोजित

**नर्मदापुरम।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार हर माह आयोजित होने वाले शैक्षिक संवाद के तहत 27 सितम्बर 2025, शनिवार को जनशिक्षा केंद्र तालकेसरी के अंतर्गत कक्षा 3 से 5 एवं कक्षा 6 से 8 पढ़ाने वाले शिक्षकों का शैक्षिक संवाद आयोजित किया गया। यह संवाद दोपहर 2.00 बजे से 5.00 बजे तक शासकीय एकीकृत मा. शाला सिरवाड़ (पंचायत भवन) में हुआ। इस संवाद में शिक्षकों के बीच शिक्षण-अधिगम से जुड़े अनुभव साझा किए गए तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु चर्चाएँ भी हुई। जनशिक्षा केंद्र तालकेसरी से पधारे सभी प्रतिभागी शिक्षक साथियों का शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला और प्राथमिक प्रोन्नत शाला सिरवाड़ द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच श्रीमती आरती यादव के प्रतिनिधि सरपंच पति श्री भगवानदास यादव द्वारा अनुकूल व्यवस्था की गई.

# कांग्रेस ने विजयवर्गीय का फूंका पुतला



**नवभारत न्यूज**

**माखननगर, 28 सितम्बर** - नगर कांग्रेस द्वारा विजयवर्गीय का पुतला दहन किया गया। नगर अध्यक्ष संजय गिल्ला ने बताया कि राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के बारे में अभद्र भाषा के प्रयोग करने की बात पर नगर कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा इंदौरी चौक पर पुतलदहन किया गया। इस अवसर पर समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा नारेबाजी की गई। इस अवसर पर बडी संख्या में कांग्रेसीजन उपस्थित थे.

## आरएसएस जिले में 88 स्थानों पर मनाएगा दशहरा

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 28 सितम्बर** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (1925-2025) की शताब्दी वर्षगांठ के अवसर पर इस बार हरदा जिले में विजयादशमी उत्सव विशेष रूप से मनाया जा रहा है। पूरे हरदा जिले में, जिसमें 6 खंड, 1 नगर एवं 4 अन्य नगर शामिल हैं, 65 मंडल व 22 बस्तियों में कुल 88 स्थानों पर पथ संचलन निकाला जाएगा। इसमें 522 ग्राम एवं 436 मोहल्लों के लगभग 20,000 गणवेशधारी स्वयंसेवक सहभागी होंगे।

उक्त जानकारी देते हुए जिला संघचालक विजय मीणा ने बताया कि संघ स्थापना के 100 वर्ष होने के कारण इस बार का उत्सव विशेष महत्व रखता है। हिंदू समाज से आग्रह है कि इस बार प्रत्येक हिंदू परिवार से पथ संचलन में सहभागिता हो। यह पथ संचलन 2 अक्टूबर विजयादशमी से 12 अक्टूबर तक निकाला जाएगा। कार्यक्रम में घोष प्रदर्शन, सामूहिक गीत, पारंपरिक शस्त्र पूजन, अनुभवी वक्ताओं के वक्तव्य सहित विविध आयोजन होंगे। इस अवसर पर समाज जीवन के विविध क्षेत्र—शिक्षण, समाजसेवा, उद्योग, विज्ञान आदि विभिन्न क्षेत्रों के बंधु-भगिनी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। संघ के शताब्दी वर्ष पर पंच परिवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्वयंसेवक समाज में पाँच महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता ला रहे हैं—पर्यावरण संरक्षण (प्लास्टिक हटाओ, वृक्ष लगाओ, जल बचाओ), कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्यों का बोध एवं स्व का बोध जैसे विषयों पर विविध कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए संघ के स्वयंसेवक विभिन्न बैठकों, घर-घर संपर्क, दीवार लेखन, भारत माता की आरती, वाहन रैली तथा घर-घर पीले चावल का निमंत्रण आदि के माध्यम से हिंदू समाज को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इस बार पूरे भारतवर्ष में, कश्मीर से कन्याकुमारी तक, पूर्व से लेकर पश्चिम तक इसी प्रकार के आयोजन होंगे और वर्षभर हिंदू समाज को जोड़ने एवं जागृत करके का व्यापक अभियान चलेगा।

**पथ संचलन में 522 ग्राम एवं 436 मोहल्लों के लगभग 20,000 गणवेशधारी स्वयंसेवक सहभागी होंगे।**

## बाइक पर लगे बैग से ढाई लाख रुपये चुराये

**पिपरिया** बाइक के बाजू में लगे बेग से अज्ञात व्यक्ति ढाई लाख चुराकर ले गया। पुलिस द्वारा सूचना के आधार पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। टीआई गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि दिल्ली में सीआईएसएफ में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ शंकरलाल पिता प्रेमचंद पटेल निवासी गुजरखापा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट करायी की सोहागपुर एसबीआई से तीन लाख रूपये निकाले थे 50 हजार रूपये जेब में रख लिये ढाई लाख रूपये बाइक की साईड में लगे बेग में रखे जिस के पश्चात सोहागपुर में ही एक स्थान पर बाईक को धुलवाया उस समय बेग से रूपये निकाल लिये.

## दिव्यांग बच्चों के लिये जपं सभागार में विशेष शिविर आज

**नवभारत न्यूज**

**माखननगर, 28 सितम्बर** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल एवं जिला शिक्षा केंद्र नर्मदापुरम के निर्देशानुसार 29 सितम्बर को विकासखंड माखन नगर में दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर जनपद पंचायत सभागृह में आयोजित किया जाएगा।

इस शिविर में एएलआई एमसीओ के विशेषज्ञ चिकित्सक एवं स्थानीय चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहेंगे। शिविर के दौरान दिव्यांग बच्चों की जाँच कर उन्हें आवश्यक उपकरण जैसे कृत्रिम अंग, सहायक सामग्री आदि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जाएगी। विशेष रूप से यू.डी.आई.डी. कार्ड धारक दिव्यांग बच्चों को उपकरण प्रदान किए जाएंगे। जनपद शिक्षा केंद्र माखन नगर ने सभी प्रधान पाठकों एवं शाला प्रभारियों से अपील की है कि वे अपने विद्यालयों के दिव्यांग बच्चों के पालकों से संपर्क कर यह जानकारी उपलब्ध कराएँ और सुनिश्चित करें कि बच्चे शिविर में अनिवार्य रूप से सम्मिलित हों।

यह शिविर दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में एक अहम पहल है।

## मधुमक्खी पालन के लिये किसानों को किया प्रेरित

**पिपरिया** दो दिवसीय मधुमक्खी पालन से मीठी क्रांति किसानो की आय बढाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के उद्देश्य से सेमीनार सहप्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कृषि विज्ञान गोविंद नगर में तिलहन उत्पादन के साथ बढेगा शहद उत्पादन होगा अधिक मुनाफा मधुमक्खी पालन से मीठी क्रांति किसानो की आय बढाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के उद्देश्यो से कृषि विज्ञान केन्द्र गोविंद नगर एवं जिला उद्यानकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड के तत्वाधान मे दो दिवसीय जिलास्तरीय मधुमक्खी पालन विषय पर सेमीनार का समापन हुआ। इस अवसर पर कीट वैज्ञानित डॉ.ब्रजेश कुमार नामदेव उपस्थित रहे.

## डीईओ ने आरएनए स्कूल का निरीक्षण किया

**पिपरिया** सांदीपनि शासकीय आरएनए उत्कृष्ठ उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय का जिला शिक्षा अधिकारी ने आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। जिला शिक्षा अधिकारी ज्योति प्रहलादी ने सांदीपनि शासकीय आरएनए उत्कृष्ठ उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय मे विद्यालय विधिवत रूप से संचालित पाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। वही कक्षाओं में उपस्थिति दर्ज संख्या से 50 प्रतिशत से कम होने पर उपस्थिति बढाने हेतु प्राचार्य व स्टाफ को निर्देश दिये। इस दौरान नवीन भवन निर्माण गति धीमी होने पर तीव्रता लाने निर्देशित किया गया.